दिनांक 01.08.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

सालिड वेस्ट के संबंध में होटल व्यवसायियो, हाउसिंग सोसायटी, प्राइवेट अस्पताल की कार्यशाला आयोजित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में गुरूवार को सालिड वेस्ट कचरा संग्रहण के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें होटलो एवं हाउसिंग सोसायटीयो से निकलने वाले कचरे को किस प्रकार से सेग्रिगेट किया जाए प्रशिक्षक द्वारा बताया गया। होटलो से जो भी गीला कचरा निकलता है उसका पर्याप्त मात्रा में वहीं पर आसानी से खाद बनाया जा सकता है। सभी होटलो के लिए यह अनिवार्यता है अपने कैंपस में ही गीले कचरे का निपटान करें। कोई भी होटल व्यवसायी, हाउसिंग सोसायटी एवं अस्पताालो द्वारा अपने यहां का कचरा इधर–उधर नहीं फेकेगे और फेकते हुए पाये जाने पर निगम द्वारा दण्डनात्मक कार्यवाही की जायेगी। सूखा कचरा नगर निगम के सफाई कर्मचारी को एक जगह एकत्रित करके देना है। अस्पतालो से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है इसको कहीं पर नहीं फेकना है उसका निपटान वैज्ञानिक ढंग से करना है। खूले में मेडिकल वेस्ट फेकते हुए पाये जाने पर हास्पिटल के उपर दण्डनात्मक कार्यवाही करते हुए उनका गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी अस्पताल, होटल व्यवसाय खोलने के लिए जब अनुमति मिलती है, तो उन सब बातो का बराबर उल्लेख रहता है, होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी पालन नहीं करते है, इसका उन्हे पालन अवश्य करना होगा। होटलो एवं अस्पतालो का नम्बरिंग होगा, जो बेस्ट करेगे उनको निगम पुरस्कृत भी करेगी। जो लोग नहीं मानेगे उनके खिलाफ कार्यवाही भी की जावेगी। प्रशिक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया की सफाई में सबका सहयोग चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी के सदस्यो द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सभी के द्वारा नियमो का पालन किया जायेगा। एक सुझाव आया कि सभी का एक वाहटसअप ग्रुप बनाया जाये, जिसमे कचरे का निष्पादन, उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का आदि किस प्रकार से किया जा रहा है उसकी जानकारी का भी आदान–प्रदान होता रहे। एक दुसरे के बीच समन्वय स्थापित हो। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, होटल सेंट्रल पार्क, अमित पार्क, अमित इंटरनेशनल, होटल हिमालया, होटल आशीष इंटरनेशनल, होटल लवली पैलेश, होटल अजंता के मैनेजर व स्पर्श हास्पिटल, हाईटेक हास्पिटल, हाउसिंग सोसायटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।